भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 975**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

## 2047 तक पांच शीर्ष वैश्विक खेल प्रदर्शनकर्ता

**975. श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**
**श्री कंवर सिंह तंवर:**
**श्री पी. पी. चौधरी:**
**डॉ. राजेश मिश्रा:**
**श्री नव चरण माझी:**
**श्री मनीष जायसवाल:**
**श्री पी. सी. मोहनः**
**श्री भर्तृहरि महताबः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विशेष रूप से महाराष्ट्र, जलगांव, कर्नाटक और बेंगलुरु के संदर्भ में राज्य स्तरीय खेलों के विकास में सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों की सहायता प्राप्त करने की योजना है;

(ख) सरकार द्वारा उक्त राज्यों में खेल अवसंरचना और प्रतिभा विकास को बढ़ाने में प्रभावी ढंग से पीएसयू के योगदान दिए जाने को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार ने युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय स्तर पर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) प्रदान करने के लिए कोई योजना बनाई है या बनाने का प्रस्ताव है ताकि सीधी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न खेलों में दक्ष युवाओं की बड़ी संख्या की प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का मौका मिल सके;

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान खेल विकास के लिए राज्यवार और खेलवार उपयोग की गई कुल सीएसआर निधि कितनी है और तत्संबंधी कार्यान्वित की गई प्रमुख परियोजनाएं क्या हैं;

(ङ) भारत के 2047 तक पांच शीर्ष वैश्विक खेल प्रदर्शनकर्ताओं में से एक बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने में पीएसयू सहित कॉर्पोरेट योगदान के प्रभाव का आकलन करने के लिए तंत्र क्या है;

(च) जलगांव जैसे ग्रामीण और अल्प- प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों को खेलों में बढ़ती कॉर्पोरेट भागीदारी से लाभ होना सुनिश्चित करने के लिए तंत्र को विशेष रूप से कैसे तैयार किया जाएगा; और

(छ) क्या सरकार का इन खेल पहलों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जलगांव सहित महाराष्ट्र में पीएसयू, राज्य सरकारों और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने का विचार है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (छ): ' खेल' राज्य का विषय होने के कारण देश में खेलों को बढ़ावा देने और विकसित करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) सहित देश भर में विभिन्न खेल प्रोत्साहन योजनाएं चलाकर उनके प्रयासों की पूर्ति करती है। इसके साथ ही, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निधि का उपयोग अवसंरचना के विकास सहित खेलों को बढ़ावा देने के लिए भी किया जाता है। सरकार ने कॉर्पोरेट क्षेत्र को विशिष्ट खेल और प्रशिक्षण केंद्रों को गोद लेने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कई पहल की हैं। एनएसडीएफ देश भर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के वित्तपोषण सहित अवसंरचना, ट्रेनिंग और अन्य गतिविधियों के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके साथ ही, सरकार नियमित रूप से कॉर्पोरेट और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ संपर्क में है तथा उनसे एनएसडीएफ में योगदान करने और युवाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय भागीदार बनने का अनुरोध कर रही है। इन योगदानों का उद्देश्य ग्रामीण खेलों, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेलों, पैरालिंपिक खेलों और ओलंपिक खेलों सहित विभिन्न स्तरों पर खेलों को बढ़ावा देना है। परिणामस्वरूप, कई कॉर्पोरेट संगठन सीएसआर फंडिंग के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान कर एनएसडीएफ के साथ जुड़कर देश में खेल विकास के लिए आगे आए हैं।

पिछले तीन वर्षों के दौरान एनएसडीएफ में प्राप्त और खेल विकास के लिए उपयोग की गई सीएसआर निधियों का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

चूंकि एनएसडीएफ में प्राप्त सीएसआर निधि खिलाड़ियों/ संस्थानों/ अकादमियों आदि को समर्थन/ सहायता के रूप में और खेल अवसंरचना के विकास के लिए दी जाती है, इसलिए इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई विशिष्ट प्रदर्शन संकेतक या मैट्रिक्स नहीं हैं।

****

**अनुबंध**

**2047 तक पांच शीर्ष वैश्विक खेल प्रदर्शनकर्ता के संबंध में श्रीमती स्मिता उदय वाघ और अन्य द्वारा दिनांक 10.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 975 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| क्र.सं. | राज्य | संगठन का नाम | उद्देश्य | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | कुल (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | असम | डिब्रूगढ़ जिला खेल संघ | डिब्रूगढ़ के मौजूदा इनडोर स्टेडियम के नवीनीकरण और आउटडोर स्टेडियम के आधुनिकीकरण के लिए | 1,47,30,000 | - | - | 1,47,30,000 |
| 2 | उत्तर प्रदेश | यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | यूपी बैडमिंटन अकादमी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए 100 बिस्तरों वाले छात्रावास के निर्माण हेतु | - | - | 75,00,000 | 75,00,000 |
| 3 | तेलंगाना | एसएआई-गोपीचंद राष्ट्रीय बैडमिंटन अकादमी, हैदराबाद (तेलंगाना) | गोपीचंद राष्ट्रीय बैडमिंटन अकादमी, हैदराबाद को खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और आनुषंगिक व्यय-आवर्ती लागत के लिए सहायता हेतु | - | 42,00,000 | - | 42,00,000 |
| 4 | हरियाणा | कर्णम मल्लेश्वरी फाउंडेशन | जगाधरी, यमुनानगर (हरियाणा) में राष्ट्रीय भारोत्तोलन और पावरलिफ्टिंग उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण और कोचिंग केंद्र की स्थापना हेतु | 75,00,000 | - | - | 75,00,000 |
| 5 | पंजाब | गुरु नानक देव विश्वविद्यालय | विश्वविद्यालय परिसर में खेल अवसंरचना के निर्माण / उन्नयन के लिए | - | 50,00,000 | - | 50,00,000 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | मध्य प्रदेश | लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा एवं खेल संस्थान, ग्वालियर | एलएनआईपीई ग्वालियर में (डब्ल्यूएपीसीओएस के माध्यम से) फर्नीचर सहित 400 बिस्तरों वाले छात्रावास के निर्माण हेतु | - | 12,50,00,000 | - | 12,50,00,000 |
| 7 | दिल्ली | सिविल सेवा अधिकारी संस्थान सीएसओआई, दिल्ली | परिसर में जिम उपकरण आदि सहित खेल सुविधाओं के निर्माण/ नवीनीकरण के लिए। | - | | 1,20,48,658 | 1,20,48,658 |
| 8 | कर्नाटक | भारतीय खेल प्राधिकरण | साई सेंटर बैंगलोर- फर्नीचर सहित 330 बिस्तरों वाले छात्रावास के निर्माण के लिए | - | 16,96,00,000 | - | 16,96,00,000 |
| 9 | अरुणाचल प्रदेश | खेल विभाग (एनएसडीएफ), अरुणाचल प्रदेश | अरुणाचल प्रदेश के 26 जिला मुख्यालयों में सिविल कार्य और ओपन एयर जिम की स्थापना के लिए | - | 2,37,00,000 | - | 2,37,00,000 |
| 10 | दिल्ली | गोल्फ फाउंडेशन | राष्ट्रीय स्तर पर गोल्फ टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए | 6,25,000 | | - | 6,25,000 |
| 11 | दिल्ली | केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड (सीसीएससीएसबी), दिल्ली | सीसीएससीएसबी के परिसर में खेल सुविधाओं के निर्माण/नवीनीकरण के लिए | - | 77,65,000 | - | 77,65,000 |
| 12 | अरुणाचल प्रदेश | खेल विभाग (एनएसडीएफ), अरुणाचल प्रदेश | अरुणाचल प्रदेश के 15 स्थानों पर दो कोर्ट बैडमिंटन हॉल के निर्माण हेतु | 9,00,00,000 | 8,40,00,000 | - | 17,40,00,000 |
| 13 | दिल्ली | दिल्ली गोल्फ सोसाइटी | गोल्फ चैंपियनशिप- टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए | 18,75,000 | 6,25,000 | - | 25,00,000 |
| 14 | हरियाणा | योगेश्वर दत्त खेल एवं शिक्षा ट्रस्ट | रोहतक, हरियाणा में कुश्ती हॉल के निर्माण हेतु | 2,50,00,000 | 2,50,00,000 | - | 5,00,00,000 |
| 15 | गुजरात | राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर | खिलाड़ियों के लिए पोषण पूरक परीक्षण हेतु उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए बजट आवंटित किया गया | 3,00,00,000 | 3,00,00,000 | - | 6,00,00,000 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर) | | | | |
| 16 | तेलंगाना | राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर), हैदराबाद | एनआईपीईआर, हैदराबाद में राष्ट्रीय डोप रोधी मिशन के लिए "पोषण पूरकों के परीक्षण" हेतु राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना | - | 6,00,00,000 | - | 6,00,00,000 |
| 17 | गुजरात | **भारतीय खेल प्राधिकरण** | गांधीनगर, गुजरात में पैरा-एथलीटों के लिए एक विशिष्ट उत्कृष्ट वर्ग खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए प्रारंभिक कार्य हेतु | - | 3,00,00,000 | - | 3,00,00,000 |
| 18 | दिल्ली | **भारतीय खेल प्राधिकरण** | जमीनी स्तर पर विकास के लिए भारोत्तोलन उपकरणों की खरीद हेतु (जीआईसी योगदान) | - | 3,46,50,000 | 38,82,900 | 3,85,32,900 |
| 19 | दिल्ली | **भारतीय खेल प्राधिकरण** | जमैका क्रिकेट एसोसिएशन को क्रिकेट आइटम उपहार स्वरूप देने के लिए | - | 46,23,311 | - | 46,23,311 |
| 20 | हिमाचल प्रदेश | विद्या फाउंडेशन | हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में संवर्धन एवं विकास हेतु | - | 2,37,50,000 | 1,90,00,000 | 4,27,50,000 |
| 21 | दिल्ली | **भारतीय खेल प्राधिकरण** | अस्मिता खेलो इंडिया हॉकी महिला लीग कार्यक्रम की सहायता के लिए | - | 31,01,251 | - | 31,01,251 |
| 22 | दिल्ली | **भारतीय खेल प्राधिकरण** | सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस वेस्टइंडीज और जमैका क्रिकेट एसोसिएशन को क्रिकेट सामग्री उपहार स्वरूप देने के लिए। | - | 8,78,882 | - | 8,78,882 |
| 23 | हरियाणा | **भारतीय खेल प्राधिकरण** | उच्च प्रदर्शन केंद्र, सोनीपत के निर्माण हेतु | - | 10,00,00,000 | - | 10,00,00,000 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | नागालैंड | नागालैंड में एनएपीटीसी, एनएपी और एनएपी (आईआर) बटालियन | नागालैंड में एनएपीटीसी, एनएपी और एनएपी (आईआर) बटालियन के लिए भवन के नवीनीकरण और व्यायामशाला उपकरणों की आपूर्ति के लिए। | - | - | 1,15,00,000 | 1,15,00,000 |
| 25 | महाराष्ट्र | आनंद निकेतन कॉलेज, वरोरा (महारोगी सेवा समिति) | इनडोर खेलों के लिए बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण हेतु | - | - | 1,50,00,000 | 1,50,00,000 |
| 26 | राजस्थान | वनवासी कल्याण परिषद, कोटड़ा, राजस्थान | उपयोगिता भवन के साथ दर्शक गैलरी का निर्माण, एथलेटिक ट्रैक और अभ्यास फुटबॉल मैदान का पुनः निर्माण कार्य। | - | - | 2,41,00,000 | 2,41,00,000 |
| 27 | कर्नाटक | रोहन बोपन्ना टेनिस डेवलपमेंट फाउंडेशन, बैंगलोर | रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी में भारतीय टेनिस विकास परियोजना के लिए। | - | - | 1,50,00,000 | 1,50,00,000 |
| 28 | दिल्ली | रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, मोती बाग | न्यू मोती बाग आवासीय परिसर, नई दिल्ली में खेल अवसंरचना के उन्नयन/नवीनीकरण के लिए | - | - | 1,10,00,000 | 1,10,00,000 |
| 29 | छत्तीसगढ़ | वनवासी कल्याण समिति, छत्तीसगढ़ | (26 से 31 दिसंबर, 2024) दिसंबर, 2024 में रायपुर, छत्तीसगढ़ में 24वीं अखिल भारतीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन हेतु | - | - | 18,75,000 | 18,75,000 |
| | | | | | | | |
| **कुल** | | | | **16,97,30,000** | **73,18,93,444** | **12,09,06,558** | **1,02,25,30,002** |